दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### छाल-घरघोड़ा मेन रोड पर आमने-सामने भीड़े दो ट्रेलर वाहन

**एक ड्रायवर मौके से फरार दूसरे वाहन के घायल ड्रायवर को डायल 112 ने पहुंचाया अस्पताल**

**रायगढ़।** दिनांक 27.11.2022 के रात्रि करीब 11.30 बजे छाल राइनो को ग्राम देउरमाल (छाल से घरघोड़ा मेन रोड में) में रोड़ एक्सीडेंट का इंवेट मिला। छाल राइनो में कार्यरत आरक्षक रघुनंदन साहू थाना छाल और ईआरवी वाहन चालक धनेश्वर प्रसाद ध्रुव तत्काल मौके पर पहुंचे। जहां ट्रेलर कमांड सीजी 04 जे.सी. 8175 और ट्रेलर क्रमांक सीजी 13 ए. एफ. 5944 के बीच मेन रोड में आमने-सामने जोरदार टक्कर हुआ था जिसमें ट्रेलर क्रमांक सीजी 04 जे.सी. 8175 का चालक गंगा दास पात्रे पिता विजय सिंह पात्रे उम्र 28 वर्ष पता उमरिया थाना पथरिया जिला मुंगेली के सिर एवं दाहिना कंधा में गंभीर चोट आया था, दूसरे वाहन का चालक मौके से फरार था। तत्काल डायल 112 राइनो स्टाफ द्वारा आहत ट्रेलर ड्रायवर को ईआरवी वाहन में बिठाकर सीएचसी छाल ले जाकर ईलाज कराये तथा आहत के घरवालों को घटना के संबंध में जानकारी दिया गया। आहत के परिजन छाल आने के लिये अपने घर से निकल गये थे। उसके बाद छाल राइनो वाहन अपने अलगे इंवेट पर रवाना हुई।

### सीईओ जिला पंचायत मिश्रा ने ली राष्ट्रीय कार्यक्रमों के संबंध में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक

**रायगढ़।** सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता में आज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के आरोग्य सभा कक्ष में समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों के संबंध में मासिक समीक्षा बैठक हुई। इस मौके पर सीएमएचओ डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर उपस्थित रही। बैठक में सीईओ मिश्रा ने समस्त विकासखण्ड में प्रसव केस बढ़ाने एवं हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं का लाईन लिस्टिंग एवं फालोअप करने के निर्देश दिए। उन्होंने कोविड वैक्सीनेशन एवं रूटीन टीकाकरण कार्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में सघन टीबी जांच खोज अभियान सर्वे की जानकारी दी गई। इस दौरान सीईओ मिश्रा ने राष्ट्रीय कार्यक्रमों के संबंध अन्य मुद्दों पर विस्तृत चर्चा करते हुए कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में डॉ.आर. एन.मंडावी सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय तथा डॉ.एस.टोप्पो जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारी, सुश्री रंजना पैकरा जिला कार्यक्रम प्रबंधक, राष्ट्रीय कार्यक्रमों के नोडल अधिकारी व समस्त खंड चिकित्सा अधिकारी, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पिकनीक मनाने जा रहे दोस्तों को ट्रेलर ने मारी टक्कर,एक की मौत दो घायल

**बिलासपुर (आरएनएस)।** बिलासपुर में बाइक सवारों को तेज रफ्तार ट्रेलर ने टक्कर मार दी। इस हादसे में बाईक सवार की मौके पर ही मौत हो गई वहीं दो लोग घायल हो गए है। वहीं घटना के बाद ट्रेलर चालक फरार हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को एक पल्सर बाइक में सवार होकर तीनों युवक पिकनिक मनाने खूंटाघाट डैम जा रहे थे, इसी दौरान पीछे से आ रही अज्ञात ट्रेलर ने बाईक सवार युवकों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाईक सवार जांजगीर निवासी उमेश पटेल का सिर फट गया और भेजा बाहर आ गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं सनी गुप्ता और राहुल साहू निवासी न्यू सरकंडा बिलासपुर को गंभीर चोट आई है, जिन्हें उपचार के अस्पताल में भर्ती किया गया है। वहीं घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

### छात्राओं से अश्लील हरकतें करने के आरोप में हेड मास्टर निलंबित

**जगदलपुर (आरएनएस)।** विकासखंड कोंडागांव की शासकीय उच्च प्राथमिक शाला रानापाल के प्रधान अध्यापक हन्नूराम बघेल को छात्राओं के साथ अश्लील हरकतें करने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में बघेल का मुख्यालय व कार्यालय विकासखंड शिक्षा कार्यालय कोंडागांव रहेगा। रानापाल शाला की छात्राओं के साथ छेड़खानी और अश्लील हरकतें करने की शिकायत पीड़ित छात्राओं और उनके पालकों ने उच्च स्तर पर की थी। मामले की जांच जिला शिक्षा अधिकारी ने कराई। जांच में आरोप सही पाया गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने संयुक्त संचालक लोक शिक्षण बस्तर के समक्ष प्रतिवेदन प्रस्तुत किया था। आरोप प्रमाणित होने पर संयुक्त संचालक ने प्रधान पाठक बघेल के कृत्य को सिविल सेवा आचरण अधिनियम के विपरीत पाया और उनके निलंबन की कार्रवाई की। प्रधान पाठक को बीईओ कार्यालय में अटैच किया गया है। निलंबन अवधि में प्रधान पाठक को सिर्फ जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा।

# डाक सेवक भर्ती फर्जीवाड़े का फरार आरोपी गिरफ्तार

- **फर्जी अंकसूची के जरिए नौकरी लगवाने वाले गिरोह का कोतवाली पुलिस ने किया था भंडाफोड़**
- **गिरोह के सरगना समेत 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर किया गया था चालान**

रायगढ़। पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय महादेवा के दिशा निर्देशन पर थाना, चौकी प्रभारियों द्वारा लंबित मामलों के फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये अभियान चलाकर आरोपियों की पतासाजी, गिरफ्तारी किया जा रहा है। इसी क्रम में कोतवाली पुलिस ने डाक विभाग के ग्रामीण डाक सेवक भर्ती में फर्जीवाड़े के फरार आरोपी भोजराम सिदार पिता राधेलाल सिदार उम्र 37 साल निवासी साजापाली, चौकी जोबी थाना खरसिया जिला रायगढ़ को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है। फर्जीवाड़े में शामिल 07 आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर कोतवाली पुलिस द्वारा चालान पेश किया जा चुका है। गिरफ्तार आरोपी भोजराम सिदार के विरूद्ध कोतवाली पुलिस द्वारा पूरक चालान पेश किया जावेगा।

जानकारी के मुताबिक डाक विभाग के ग्रामीण डाक सेवक भर्ती में कुछ अभ्यर्थियों द्वारा जालसाजों से मिलकर कक्षा दसवीं के फर्जी सर्टिफिकेट देकर अवैधानिक तरीके से नौकरी हासिल कर धोखाधड़ी किया गया। डाक विभाग द्वारा अभ्यार्थीयों के अंकसूची के सत्यापन पर मामले का खुलासा हुआ। डाक अधीक्षक रायगढ़ द्वारा सिटी कोतवाली रायगढ़ को अभ्यर्थी स्वाती कंवर के द्वारा फर्जी सर्टिफिकेट के आधार पर नौकरी प्राप्त करने का शिकायत प्रस्तुत किया गया था। थाना कोतवाली में दिनांक 23.06.2022 को स्वाती कंवर एवं अन्य 4 के विरूद्ध नामजद अपराध दर्ज कर दिनांक 25.06.2022 को आरोपिया स्वाती कंवर तथा गिरोह के मुख्य सरगना हीरालाल गबेल समेत 7 आरोपियों को पुलिस टीमें रायपुर, बिलासपुर, सक्ती, जांजगीर-चांपा के अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार कर आरोपियों को रिमांड पर भेजा गया था।



आरोपिया स्वाती कंवर निवासी खमरिया बिलासपुर अपने बयान में बताई थी कि डाक विभाग में ग्रामीण डाक सेवक भर्ती में भर्ती के लिए उसके पिता वीरेंद्र सिंह तथा जीजा लखेश्वर सिंह दलाल संजय शर्मा निवासी सीपत बिलासपुर के माध्यम से हीरालाल गबेल के संपर्क में आए। दलाल संजय शर्मा किसी भी भर्ती में सर्टिफिकेट के आधार पर भर्ती कराने का प्रलोभन दिया। हीरालाल गवेल जो कि पूर्व में आपेन स्कूल का अध्यक्ष था, अपने पास रखे सील, मुहर का गलत इस्तेमाल करता था। आरोपी हीरालाल गबेल वर्ष 2005 में जाली नोट मामले जेल की हवा खा चुका है। गिरोह में शामिल मालखरोदा जांजगीर चांपा का योगेंद्र धीरहे का कंप्यूटर सेंटर है, जहां फर्जी मार्कशीट तैयार किया जाता था। हीरालाल गबेल, योगेंद्र धीरहे तथा संजय शर्मा मिलकर अभ्यर्थियों से संपर्क करते थे और उन्हें किसी भी तरीके से नौकरी लगाने का प्रलोभन देकर रुपए ऐंठा करते थे। कुमारी स्वाति कंवर के अलावा कृष्ण कुमार साहू निवासी सरसींवा जिला बलौदाबाजार भी इनके जालसाजी को जानते हुए भर्ती के लिए इन्हें रकम दिया था। कुमारी स्वाति कंवर, उसका जीजा लखेश्वर सिंह कंवर, कृष्ण कुमार साहू तथा भोजराम सिदार नौकरी हासिल कर चुके थे। आरोपी भोजराम सिदार फरार था। #कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपी हीरालाल गबेल से एक स्वीफ्ट कार, स्कूल की सील, मुहर, आरोपी संजय शर्मा से एक ब्रेजा कार, आरोपी योगेन्द्र धीरहे के कंप्यूटर दुकान से फर्जी सर्टिफिकेट जारी करने में प्रयुक्त एक लैपटॉप, एक कंप्यूटर, कलर प्रिंटर, सीपीयू एवं स्कैनर फोटोकॉपी मशीन एवं आरोपियों के कब्जे से नकद 15,000 रूपये, 3 मोबाइल, रजिस्टर जप्त कर आरोपी (1) हीरालाल गबेल पिता भगतराम गबेल उम्र 50 वर्ष आमनडोला थाना मालखरौदा जिला जांजगीर चांपा (2) योगेंद्र धीरहे पिता रामदयाल धीरहे उम्र 29 वर्ष निवासी चरौदी थाना मालखरौदा जिला जांजगीर चांपा (3) संजय शर्मा पिता सरजू प्रसाद शर्मा उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम धनिया थाना सीपत जिला बिलासपुर (4) स्वाती कंवर पिता वीरेंद्र सिंह कमर उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम खमरिया जिला बिलासपुर (5)वीरेंद्र सिंह कंवर पिता कलाराम कंवर उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम खमरिया थाना सीपत जिला बिलासपुर (6) लखेश्वर सिंह कंवर पिता मनहरण सिंह कंवर उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम कटहरी थाना अकलतरा जिला जांजगीर-चांपा (7) कृष्ण कुमार साहू पिता शिव लोचन साहू उम्र 35 वर्ष निवासी बम्हनपुरी थाना सरसींवा जिला बलौदाबाजार को थाना कोतवाली के अप.क्र. 954/2022 धारा 420,467,468,471,34 IPC में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया और मामले का चालान न्यायालय पेश किया जा चुका है।

फरार आरोपी भोजराम सिदार की गिरफ्तारी के लिये थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे द्वारा आरोपी के निवास क्षेत्र में मुखबिर लगाकर रखा गया था, आज मुखबिर द्वारा फरार आरोपी को गांव में देखे जाने की सूचना पर आरोपी को दबिश देकर पकड़ा गया और थाना लाया गया जिसे धोखाधड़ी के उपरोक्त अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

## नवभारत साक्षरता कार्यक्रम... जिले में 6 हजार असाक्षरों को साक्षर करने का मिला लक्ष्य

**रायगढ़।** स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के राष्ट्रीय साक्षरता मिशन प्राधिकरण द्वारा नवभारत साक्षरता कार्यक्रम का क्रियान्वयन किए जाने के निर्देश दिए गए है। इस कार्यक्रम का क्रियान्वयन वित्तीय वर्ष 2022-27 तक किया जाना है। इस योजना का उद्देश्य केवल बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता प्रदान करना नहीं है बल्कि उन घटकों को शामिल करेगा जो 21 वीं सदी के व्यक्ति की जरूरत है। वित्तीय साक्षरता, डिजिटल साक्षरता, वाणिज्यक कौशल, स्वास्थ्य देखभाल और जागरूकता, महत्वपूर्ण जीवन शिक्षा, परिवार कल्याण आदि पर ध्यान दिया जाएगा। इसके अलावा स्थानीय रोजगार प्राप्त करने की दृष्टि से व्यावसायिक कौशल विकास, प्रारंभिक, मध्य और माध्यमिक स्तर की बुनियादी शिक्षा आदि पर भी जोर दिया जाएगा।

जिला शिक्षा अधिकारी सदस्य सचिव जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु रायगढ़ जिले को 6 हजार असाक्षरों को साक्षर करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत सतत शिक्षा जिसमें कला, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, संस्कृति, खेल और मनोरंजन को प्रौढ़ शिक्षा के पाठ्यक्रम में शामिल करते हुए स्थानीय लोगों के लिए जीवन कौशल पर ध्यान दिया जाएगा। कार्यक्रम को स्वयंसेवियों की मदद से ऑनलाइन मोड पर संचालन किया जाएगा। पंजीकृत स्वयंसेवियों की मदद के लिए सभी डिजिटल संसाधन माध्यम जैसे टीवी, रेडियो, ओपन सोर्स एप और पोर्टल के द्वारा उपलब्ध कराये जायेंगे।

नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत रायगढ़ जिले के समस्त विकासखण्डों में 15 और इससे ऊपर के सभी आयु वर्गो के असाक्षरों को शामिल किया जाएगा। राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र, एनसीईआरटी और एनआईओएस के साथ मिलकर ऑनलाईन लर्निंग एंड असेसमेंट सिस्टम पर कार्य किया है। इच्छुक व्यक्ति इनमें अपना नाम, जन्म तिथि, जेन्डर, आधार और मोबाइल नंबर दर्ज कर अपना पंजीयन करा सकेंगे।

## मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना से दो लाख से अधिक लोग हुए लाभान्वित : लोगों के लिए हॉस्पिटल की दूरी हुई कम

**रायगढ़।** राज्य शासन द्वारा स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच लोगों तक आसान बनाने की दूरगामी सोच का परिणाम है कि आज मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना प्रारंभ हुआ और वर्तमान में इसका सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिल रहे हैं। लिहाजा जिले के लाखों लोग इस योजना से लाभान्वित हो चुके है।

उल्लेखनीय है कि रायगढ़ जिले के सात विकासखंडो के नगरीय निकायों में एमएमयू के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधाओं को लोगों के द्वार तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। अब लोगों के लिए हॉस्पिटल की दूरी महज उनके घर के द्वार तक हो गई है, जिसका परिणाम यह हुआ कि अब लोग इलाज हॉस्पिटल की दूरी तय नहीं करनी पड़ रही है एवं समय की बचत भी हो रही है। वहीं



एमएमयू के माध्यम से दवाइयां भी बड़ी आसानी से मिल रही है।

शासन की मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना से जिले के लगभग 2 लाख से अधिक लोग महज घर के द्वार में ही इलाज की सुविधा ले चुके है, इन एमएमयू में जहां उपचार के साथ दवाइयां के साथ विभिन्न प्रकार के लैब टेस्ट की सुविधाएं उपलब्ध है। जिसका लाभ जनसामान्य को मिल रहा है। एमएमयू के माध्यम से जिले के रायगढ़, घरघोड़ा, खरसिया, धरमजयगढ़, लैलूंगा, पुसौर एवं किरोड़ीमल नगर निकायों में निर्धारित कार्य दिवस के अनुसार एमएमयू का संचालन किया जा रहा है। जिले के कुल 01 लाख 96 हजार 368 लोगों ने घर पहुंच स्वास्थ्य सेवा का लाभ ले चुके है। वही 1 लाख 83 हजार 319 लोग दवा का लाभ ले चुके है। इसी प्रकार 69 हजार 285 लोग लैब टेस्ट की सुविधा से लाभान्वित हुए है।

यामिका सिंह कहती है कि शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत जब से एमएमयू यहां पहुंच रहा है तब से इलाज करवा रही हूं। यहां इलाज से लेकर सभी प्रकार का टेस्ट और दवाइयां मिल जाती है, हॉस्पिटल जाने की जरूरत नहीं, यह बहुत अच्छी योजना है।

छोटे अतरमुड़ा निवासी यशवंत मानिकपुरी कहते है कि शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना शासन की अच्छी पहल है। वो हॉस्पिटल जाने के बजाय एमएमयू में चेकअप करवाने आते है और साल भर से यही से इलाज करवा रहे है। उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह योजना निरंतर चलती रहे।

## समर्थन मूल्य पर 18.88 लाख मीट्रिक टन धान की हुई खरीदी

- **किसानों को लगभग 3949 करोड़ रुपए का भुगतान**
- **अब तक 9.68 लाख मीट्रिक टन धान का हुआ उठाव**



**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का सिलसिला अन्वरत रूप से जारी है। अब तक किसानों से 18 लाख 87 हजार 826 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है, जिसके एवज में किसानों को 3949 करोड़ रूपए का भुगतान भी बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत किया जा चुका है। धान बेचने में किसानों को किसी भी तरह की दिक्कत न हो, इसको लेकर पूरी व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। सभी उपार्जन केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में बारदाने उपलब्ध हैं।

समर्थन मूल्य पर धान खरीदने के लिए इस साल राज्य सरकार द्वारा किसानों को ऑनलाइन टोकन जारी करने की व्यवस्था के चलते किसानों को सहूलियत होने लगी है। बड़ी संख्या में किसान टोकन तुंहर हाथ एप के माध्यम से धान बेचने के लिए अपनी मर्जी के मुताबिक तिथि का चयन करने लगे हैं। इसके साथ ही उपार्जन केन्द्रों द्वारा मैन्युअल रूप से किसानों को टोकन जारी करने की व्यवस्था पूर्व वर्षों की भांति जारी है।

खाद्य सचिव टी.के. वर्मा ने बताया कि इस साल राज्य में समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए राज्य में 25.92 लाख किसानों का पंजीयन हुआ है, जिसमें लगभग 2.23 लाख नये किसान हैं। राज्य में धान खरीदी के लिए 2568 उपार्जन केन्द्र बनाए गए हैं। सामान्य धान 2040 रूपए प्रति क्विंटल तथा ग्रेड-ए धान 2060 रूपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जा रहा है। राज्य में धान खरीदी की व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। सीमावर्ती राज्यों से धान के अवैध परिवहन को रोकने के लिए चेक पोस्ट पर माल वाहकों की चेकिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी धान खरीदी के साथ-साथ धान का उठाव किया जा रहा है। आज की स्थिति में 15.17 लाख मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डी.ओ. जारी किया गया है, जिसके एवज में उपार्जन केंद्रों से 9.68 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है।

राज्य में आज 28 नवंबर को 47,225 किसानों से 1,61,909 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है, इसके अलावा ऑनलाइन प्राप्त टोकन के जरिए किसानों से 38,138 मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीदी की गई। आगामी दिवस की धान खरीदी के लिए 62,816 टोकन तथा टोकन तुंहर हाथ एप के जरिये 11,675 टोकन ऑनलाइन जारी किए गए हैं।

## आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बुनगा में योग शिविर आयोजित : कराया गया योगाभ्यास




रायगढ़। आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बुनगा विकासखंड पुसौर के हाई स्कूल में शनिवार को प्रात: 7.30 से 8.30 तक आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ.अजय नायक एवं योग प्रशिक्षक दुलामणि रजक के मार्गदर्शन में योगाभ्यास कराया गया। योगाभ्यास में लगभग 100 स्कूली बच्चे एवं स्कूल के स्टाफ भी उपस्थित रहे। डॉ अजय नायक आयुर्वेद विशेषज्ञ के द्वारा योग के बारे में विभिन्न जानकारियां दी गई। उन्होंने उपस्थित बच्चों को नियमित योगाभ्यास के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि योग के माध्यम से तनाव को दूर किया जा सकता है। तनाव अवसाद तथा माइग्रेन के प्रबंधन में योग की मुख्य भूमिका रहती है। इन बीमारियों के उपचार के लिए ताड़ासन अर्धा चक्रासन, उष्ट्रासन, पवनमुक्तासन रामबाण का काम करते हैं आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में हर इंसान तनाव और टेंशन से गुजर रहा है लेकिन इस तनाव का सबसे बुरा असर हमारे शरीर पर पड़ता है। ऐसे में हर दिन सिर्फ 5 मिनट योग से ना सिर्फ आपका मन शांत होगा बल्कि टेंशन भी दूर होगी और शरीर और दिमाग भी फिट रहेगा। इसीलिए सभी बच्चों से एवं शिक्षकों से आग्रह किया गया कि प्रतिदिन कम से कम आधा घंटा योगाभ्यास जरूर करें। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये भोज मालाकार, राजेश साव हाई स्कूल के प्राचार्य भानु पटेल, दयानंद पटेल, कमलेश जायसवाल, मनोहर देहरी एवं अन्य स्टाफ उपस्थित होकर सक्रिय सहयोग किए। डॉ अजय नायक ने बताया कि बुनगा के मिडिल स्कूल प्रांगण में प्रतिदिन सुबह 6 से 7 बजे तक ग्रामीणों के लिए योगाभ्यास सत्र का आयोजन किया जाता है। उक्त कार्यक्रम योग शिक्षक दुलामनी रजक के द्वारा करवाया जाता है।

# जिले में आज से शुरू हुआ 'गौठान म गोठ' और 'राजस्व शिविर' कार्यक्रम

- **कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी ने शिविरों में जाकर लिया जायजा**
- **सराईपाली गांव में आयोजित 'गौठान म गोठ' कार्यक्रम में शामिल हुई कलेक्टर डॉ.सिद्दकी**

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना के अंतर्गत गौठानों की उत्पादकता और अधिक बढ़ाने के लिए कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी के निर्देशन में आज जिले के विभिन्न गौठानों में 'गौठान म गोठ' कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने स्वयं आज सारंगढ़ के नौरंगपुर गांव में आयोजित राजस्व शिविर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने शिविर में आ रहे आवेदनों की जानकारी ली। उन्होंने निराकृत आवेदनों का भुइयां एप्लीकेशन एवं खसरा पांचसाला खाते में दर्ज करने एवं अनिराकृत आवेदनों की संख्या के बारे में जानकारी ली। जो ग्रामीण शिविर में अपना आवेदन लेकर आए थे, उनसे चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनी एवं उपस्थित पटवारियों को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। राजस्व शिविर में खाता विभाजन, अविवादित खाता, नामांतरण एवं जाति प्रमाण पत्र संबंधी आवेदन प्राप्त हुए।



ज्ञातव्य है कि जिले में कलेक्टर डॉ.सिद्दकी के निर्देशानुसार राजस्व मामलों के सुदृढ़ीकरण करने के लिए जिले में आज 28 नवंबर से लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण हेतु राजस्व शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उक्त राजस्व शिविर सारंगढ़ में दिनांक 6 दिसंबर तक 21 अलग-अलग स्थलों में, बरमकेला में 31 दिसंबर तक 19 स्थलों में, सरिया में 27 दिसंबर तक 12 स्थलों में, बिलाईगढ़ में 6 दिसंबर तक 10 स्थलों में, भटगांव में 19 दिसंबर तक 35 स्थलों में आयोजित होंगे। राजस्व शिविर का आयोजन सुबह 10.30 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित होगा।

कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने आज घौठलाबड़े ग्राम पंचायत के सराईपाली गांव में आयोजित 'गौठान म गोठ' कार्यक्रम में हिस्सा लिया। गौठान स्थल में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा मेडिकल कैम्प भी लगाया गया था। कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने गौठान स्थल में आयोजित इस कैम्प में अपना ब्लड सैंपल देकर हीमोग्लोबिन चेक करवाया और उपस्थित गांव की महिलाओं को सलाह दी कि वे सभी हीमोग्लोबिन जाँच करवाएं एवं हीमोग्लोबिन की कमी होने पर वहीं उपस्थित डॉक्टर से परामर्श लें। इसके पश्चात कलेक्टर ने 'गौठान म गोठ' कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए ग्रामीणों से चर्चा की। आजीविका संबंधी उपायों पर चर्चा के दौरान समूह की महिलाओं ने बताया कि उनके द्वारा मुर्गी पालन, आटा चक्की, दिया बाती, अगरबत्ती बनाने का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने इन कार्यों की सराहना करते हुए इसे आगे भी यथावत जारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने पशुओं में फैल रही संक्रामक लम्पी बीमारी के बारे में जानकारी लेते हुए संबंधित विभाग के अधिकारी को जल्द टीकाकरण करवाने के निर्देश दिए एवं सभी उपस्थित ग्रामवासियों को इस बीमारी से अवगत भी कराया कि लम्पी बीमारी एक संक्रामक बीमारी है, इससे पहले कि इस बीमारी का संक्रमण द्विगणित हो, समय रहते इसकी रोकथाम हेतु सतर्कता बरतते हुए उचित प्रबंध किए जाएं। इसके अलावा कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने धान खरीदी, गोबर विक्रेताओं एवं गौमुत्र विक्रेताओं का पंजीयन, गौठानों में प्रतिदिन गोबर खरीदी, वर्मी खाद, पशुओं हेतु चारा की व्यवस्था कराने के लिए गौठानों में पर्याप्त पैरादान, कुपोषण संबंधी चर्चा, धान का त्याग कर अन्य फसलें लगाने के लिए कृषकों को प्रोत्साहित करना एवं सरसों क्षेत्रविस्तार पर चर्चा की। 'गौठान म गोठ' कार्यक्रम का आयोजन 9 दिसंबर तक जिले के विभिन्न गौठानों में आयोजित होगा।

इस दौरान एसडीएम मोनिका वर्मा, सीईओ अभिषेक बनर्जी, गौठान समिति के सदस्य, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सरपंच एवं सचिव, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग का अमला उपस्थित रहा।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480